**मैत्री विद्या निकेतन सी. से. स्कूल, रिसाली, भिलाई,**

**वार्षिक परीक्षा 2022–23**

**समय 3 घंटे** **कक्षा–नौवीं विषय–हिंदी**

**पूर्णांक 80**

निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड है अ और ब।
2. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।
4. कुल प्रश्नों की संख्या 14 है।

**खंड अ.वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

प्र” न 1 अपठित गद्यांशः– (1x5=5)

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

व्यक्ति के जीवन में संतोष का बहुत महत्व है। संतोषी व्यक्ति सुखी रहता है। असंतोष सब रोगों की जड़ है। महात्मा कबीर ने कहा है कि धन–दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता। संतोष रूपी धन मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होते है। व्यक्ति जितना अधिक धन पाता जाता है, उतना ही उसमें असंतोष उपजता जाता है। यह असंतोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है, जो अनेक रोगों की जड़ है। धन व्यक्ति को उलझनों में फँसाता जाता है। साधु को संतोषी बताया गया है, क्योंकि भोजन मात्र की प्राप्ति से ही उसे संतोष मिल जाता है। हमें भी साधु जैसा होना चाहिए। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए। जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती है, तो हमारा मन असंतुष्ट हो जाता है। सांसारिक वस्तुएं हमें कभी संतोष नहीं दे सकती। संतोष का संबंध मन से है। संतोष सबसे बड़ा धन है इसके सम्मुख सोना, चाँदी, रुपया, पैसा सब व्यर्थ हैं।

1. व्यक्ति के जीवन में किसका अधिक महत्व है?
   क) असंतोश का अधिक महत्व है।
   ख) संतोश का अधिक महत्व है।
   ग) मान का अधिक महत्व है।
   घ) सभी का अधिक महत्व है।

2. महात्मा कबीर ने क्या कहा था?
   क) धन–दौलत से कभी संतोश नहीं मिलता।
   ख) धन–दौलत से ही संतोश मिलता है।
   ग) धन–दौलत नहीं होना सुख है।
   घ) धन–दौलत से दुख मिलता है।

3. समस्त वैभव धूल की भाँति कब प्रतीत होते हैं?
   क) सोना–चाँदी मिलने पर
   ख) हीरे–मोती मिलने पर
   ग) संतोश रुपी धन मिलने पर
   घ) असंतोश रुपी धन मिलने पर

4. हमें अपनी इच्छाओं को किस प्रकार रखना चाहिए?
   क) प्रकट करना चाहिए
   ख) सीमित रखना चाहिए
   ग) असीमित रखना चाहिए

घ) छिपाकर रखना चाहिए

5. संतोष का संबंध किससे है?
   क) तन से
   ख) धन से
   ग) मन से
   घ) जन से

प्रश्न 2 अपठित गद्यांशः– (1x5=5)

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किसान संसार का अन्नदाता है। वह खेती करके हम सबका पेट पालता है। कठिन परिश्रम और सेवा–भाव के कारण ही किसान को पूरे संसार का पालक कहा जाता है। वह खेतों की हवन–वेदी में अपने पसीने की आहुति अर्पित करता है और उससे उत्पन्न अन्न से लोगों का जीवन यापन होता है। भारत के गाँव में अंधविश्वासों के कारण भारतीय किसान विभिन्न अवसरों पर अपनी हैसियत से अधिक खर्च करने तथा उसके लिए साहूकारों से कर्ज लेने में ही अपना जीवन गुजार देता है। खुशी की बात है कि आज किसानों की हालत पहले जैसी दिखाई नहीं देती। भारत सरकार तथा राज्य–सरकारें किसानों के जीवन–स्तर को ऊपर उठाने के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान की है।

1. संसार का अन्नदाता कौन है?
   क) किसान
   ख) माता–पिता
   ग) ई" वर
   घ) परिवार
2. किसान को संसार का पालन क्यों कहा जाता है?
   क) कठिन जीवन जीने के कारण
   ख) कठिन परिश्रम एवं सेवा भाव के कारण
   ग) कठिन परिस्थिति में जूझने के कारण
   घ) कठिन वातावरण में रहने के कारण
3. किसान किनसे कर्ज लेता है?
   क) पड़ोसियों से
   ख) रि" तेदारों से
   ग) भाइयों से
   घ) साहूकारों से
4. किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए इनमे से सुविधाएँ प्रदान की है ____________
   क) भारत सरकार तथा राज्य सरकार
   ख) भारत सरकार तथा प्रदे" ा सरकार
   ग) भारत सरकार तथा विदे" ी सरकार
   घ) भारत सरकार तथा जनता
5. गद्यांश का उचित शीर्षक है।
   क) किसान
   ख) किसान हमारे अन्नदाता
   ग) किसानों का परिश्रम
   घ) उपर्युक्त सभी सही है।

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। 16

उचित विकल्प से वाक्य पूरे कीजिए।

1. शब्द व्याकरणिक नियमों से .......... होते हैं।
   क) बँधे ख) दूर ग) स्वतंत्र घ) पास
2. 'शब्द' के लिए उचित उदाहरण छाँटिए।
   क) घोड़ा ख) घोड़ा तेज दौड़ता है। ग) घोड़ा हिन–हिना रहा है। घ) घोड़ा बैठा है।
3. राहुल धीरे–धीरे चल रहा है। रेखांकित व्याकरण को क्या कहते हैं?
   क) शब्द ख) विराम चिह्न ग) पद घ) संधि
4. जब शब्द वाक्य में प्रयुक्त होता है, तो वह क्या बन जाता है?
   क) समास ख) पद ग) तत्सम घ) शब्द
5. सही स्थान पर अनुस्वार लगा हुआ शब्द कौन–सा है?
   क) चुंगल ख) चंगुल ग) चुगुलं घ) चगुंलं
6. निम्नलिखित शब्दों में से अनुनासिक वाला शब्द कौन–सा है।
   क) बाँटना ख) कंठ ग) बिंदी घ) घटना
7. जो शब्दांश किसी शब्द के पूर्व जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं उसे क्या कहते हैं?
   क) तत्सम ख) तद्भव ग) प्रत्यय घ) उपसर्ग
8. 'अभिनेता' शब्द में उपसर्ग है।
   क) अ ख) अभि ग) इता घ) एता
9. 'प्रत्यय' के योग से बने शब्द छाँटिए।
   क) सुंदरता ख) प्रकाश ग) प्रसन्न घ) स्वागत
10. 'आवा' प्रत्यय से बना शब्द छाँटिए।
    क) मावा ख) लावा ग) छलावा घ) आवास
11. कृपया शांत रहें। यह कौन सा वाक्य है?
    क) संदेहवाहक वाक्य ख) प्रश्नवाचक वाक्य ग) विस्मयवाचक वाक्य घ) आज्ञा वाचक वाक्य
12. शायद बारिश बंद हो जाए। यह कौन सा वाक्य है
    क) संदेह वाचक वाक्य ख) विधानवाचक वाक्य ग) इच्छा वाचक वाक्य घ)प्रश्नवाचक वाक्य
13. 'रेखांकित' का संधि विच्छेद है।
    क) रेख+अंकित ख) रेखा+अंकित ग) रे+खअंकित घ) रेखाअं+कित
14. शुभ+इच्छा का संधि है।
    क) शुभइच्छा ख) शुभेच्छा ग) शुइच्छा घ) शुभीच्छा
15. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए
    मैं चलते चलते थक गया
    क) – ख) ? ग) ! घ) ;
16. निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए।
    शाबाश तुमने तो कमाल कर दिया
    क) :– ख) 0 ग) ! घ) ?

प्रश्न 4 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। (1x5=5)

कई गलियों के बीच
कई नालों के पार
कूड़े–करकट
के ढेरों के बाद

बदबू से फटते जाते इस
टोले के अंदर
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।
उभरी नसोंवाले हाथ
घिसे नाखूनोंवाले हाथ
पीपल के पत्ते से नए–नए हाथ
जूही की डाल से खुशबूदार हाथ
गंदे कटे पिटे हाथ
जख्म से फटे हुए हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।

1. खुशबू रचने वाले लोग कहाँ रहते हैं?
   क) सड़क के किनारे ख) नदी के किनारे ग) पेड़ के नीचे घ) कूड़े–करकट के आस–पास
2. खुशबू रचने वाले लोगों की स्थिति कैसी है?
   क) वे बहुत खुश है ख) वे बहुत दुखी है ग) वे गरीबी में जीवन बिताते हैं घ) जीवन के सारे सुख साधन है
3. 'नए–नए हाथ' किसके लिए प्रयोग किया गया है?
   क) बच्चों के हाथों के लिए ख) बड़ों के हाथों के लिए ग) युवतियों के लिए घ) सभी के लिए
4. परिश्रमी के हाथ कैसे होते हैं?
   क) नाजुक ख) लचीले ग) छोटे घ) जख्मों से भरे
5. नवयुवतियों के हाथ की तुलना किससे की गई है?
   क) जूही की डाल से ख) कोमल व लचीले हाथ से ग) चूड़ियों वाली हाथ से घ) बूढ़े हाथ से

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। (1x2=2)

1. प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करें रैदासा।।
   रैदास की भक्ति किस प्रकार की भक्ति है?
   क) गुरु व शिष्य ख) स्वामी और दास की ग) स्त्री और पुरुष की घ) कोई नहीं
2. 'नए बसते इलाके' से कवि का क्या अभिप्राय है।
   क) आबादी के रूप में नए इमारतों का निर्माण ख) नए लोगों का निर्माण
   ग) नए शहरों का निर्माण घ) दीवारों का निर्माण

प्रश्न 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। (1x5=5)

मेरी साँस मानो रुक गई थी। मुझे विचार कौंधा की सफलता बहुत नजदीक है। 23 मई 1984 के दिन दोपहर के 1:07 मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी। एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला बचेंद्री पाल थी। एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ–साथ खड़े हो सके। चारों तरफ हजारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था हमने पहले बर्फ के फावड़े से बर्फ की खुदाई कर अपने आप को सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद मैं अपने घुटनों के बल बैठी, बर्फ पर अपने माथे को लगाकर मैंने 'सागरमाथे' के ताज पर चुंबन लिया। बिना उठे ही मैं अपने थैले से दुर्गा मां का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी–सी पूजा अर्चना की और इनको बर्फ में दबा दिया। आनंद के इस क्षण में मुझे अपने माता–पिता का ध्यान आया।

1. लेखिका के मन में कौन सा विचार कौंधा?
   क) सफलता मिलना आसान नहीं है ख) सफलता बहुत नजदीक है
   ग)सफलता और असफलता दोनों हो सकता है घ) सफलता दूर है।

2. लेखिका एवरेस्ट की चोटी पर कब पहुंची?
   क) 23 मई की दोपहर ख) 23 मई की सुबह ग) 23 मई की शाम को घ) 23 मई की रात
3. बर्फ को माथे से लगाकर क्या किया?
   क) सागरमाथा को देखा ख) सागर माथे के ताज का चुंबन लिया
   ग) सागर माथे की ओर बढ़ी घ) सागरमाथा की फोटो लिया
4. एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी?
   क) पी.टी.ऊषा ख) किरण बेदी ग) जेना घ) बचेंदी पाल
5. आनंद के क्षण में लेखिका को किसका ध्यान आया?
   क) माता–पिता का ख) भाई–बहन का ग) अपने गुरु का घ) अन्य साथियों का

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। (1x2=2)

1. प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया।
   क) प्रस्तुत वाक्य किस कहानी से लिया गया हैं
      1. गोदान 2. गिल्लू 3. स्मृति 4. नटखट
   ख) निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य स्मृति कहानी से लिया गया है।
      1. भाई ने मुझे सहायता के लिए बुलाया 2. भाई मुझे अपने साथ ले जाना चाहते थे
      3. भाई बहन में अटूट प्रेम था 4. भाई के बुलाने पर घर लौटते समय लेखक के मन में बड़े भाई की मार का डर था

## खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए (50–60)शब्दों में (3x2=6)

1. लेखक अतिथि को कैसी बिदाई देना चाहता था? जब अतिथि लेखक के घर से चार दिन तक नहीं गया तो उसके व्यवहार में क्या–क्या परिवर्तन आए?
2. लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने उसे किन शब्दों में बधाई दी? लेखिका ने शेरपा कुली को अपना परिचय किस तरह दिया।
3. मनुष्य के जीवन में पोशाक का क्या महत्व है? पोशाक हमारे लिए कब बंधन और अड़चन बन जाती है?

प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए (50–60) शब्दों में (3x2=6)

1. प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता? रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?
2. नदी का किनारों से कुछ कहते हुए बह जाने पर गुलाब क्या सोचता है? गीत–अगीत कविता के कवि का नाम लिखिए।
3. नए बस्ते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है? बसंत का गया पतझड़ का लौटा से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3x2=6)

1. सोनजूही में पीली कली को देखकर लेखिका के मन में कौन–सा विचार उमड़ने लगा?
2. उनाकोटी का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि यह स्थान इस नाम से क्यों प्रसिद्ध है?
3. 'स्मृति' कहानी के आधार पर लेखक की बहादुरी का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 11 अनुच्छेद लेखन 6

दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदु के आधार अनुच्छेद लिखिए (80 से 100 शब्दों में)

1. समय अमूल्य धन है – संकेत बिंदु
    - समय ही जीवन है।
    - समय निरंतर गतिशील है।
    - समय का सदुपयोग आवश्यक है।
2. इंटरनेट एक संचार क्रांति – संकेत बिंदु
    - आधुनिक युग विज्ञान का युग है।
    - इंटरनेट एक विशेष उपलब्धि।
    - इंटरनेट के लाभ।
    - इंटरनेट से संचार जगत में क्रांति।
3. अच्छा स्वास्थ्य महावरदान – संकेत बिंदु
    - स्वास्थ्य का महत्व।
    - स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार।
    - संतुलित विचार।
    - निष्कर्ष।

प्रश्न 12 पत्र लेखन– 6

किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।

1. विदेश में स्थित अपने मित्र को होली पर्व की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए पत्र लिखिए।
2. विद्यालय में होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम में आपने उत्साह पूर्वक भाग लिया उनका वर्णन करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 13 संवाद लेखन– 5

बिजली की कटौती से परेशान दो छात्राओं के बीच संवाद लिखिए।

प्रश्न 14 चित्र वर्णन– 5

दिए गए चित्र को ध्यान पूर्वक देखकर चित्र वर्णन कीजिए (80 से 100 शब्दों में)

